Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 24-08-2006

Participants : Pandey Dr. Laxminarayan

an>

Title : Need to revive Cement Plant situated at Naya Gaon district Neemach, Madhya Pradesh.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : महोदय, सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित कई ऐसे सीमेंट प्लांट हैं जो कि कार्यक्षम होते हुए भी बंद कर दिये गये हैं और उनकी करोड़ों रूपये की मशीनरी तथा संपत्तियां आज किसी निर्णय के अभाव में नट होने जा रही है। इसी प्रकार के प्लांटों में मध्य प्रदेश के नीमच जिले में नया गांव स्थित सीमेंट प्लांट भी आता है जो कि ि वगत कइ सालों से कार्यक्षम होते हुए भी केवल बिजली के अभाव में बंद हैं। ऐसे प्लांटों को न तो चलाये जाने की सरकार की कोई योजना है न ही इनको बेचे जाने की कोइ योजना है। सरकार के अनिर्णय के फलस्वरूप ऐसे सीमेंट प्लांटों की जमीनों पर अतिक्रमण होता चला जा रहा है तथा शासकीय सम्पत्ति का भी भारी नुकसान हो रहा है। उधर करोडों रूपयों की मशीनरी जो इन प्लांटों में लगी है वह बेकार हो रही है। साथ ही लाखों रूपये का भुगतान भी कर्मचारियों को करना पड़ रहा है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस बारे में शीघ्र ही निर्णय ले ताकि मूल्यवान मशीनरी को बरबाद होने से बचाया जा सके तथा करोड़ों रूपये की भूमि जो बेकार पड़ी हुयी है और जिस पर अतिक्रमण हो रहा है उसका सही उपयोग हो सके। अच्छा तो यह होगा कि नया गांव जिला नीमच स्थित सीमेंट प्लांट के बिजली की बकाया राशि मध्य प्रदेश विद्युत मंडल को दे दी जाये और इस प्लांट को पुनः चलाया जाये और यदि सरकार यह निर्णय करती है कि इसको नहीं चलाया जाना है तो इसकी भूमि, मशीनरी, सम्पत्ति, कर्मचारी आदि के बारे में योग्य निर्णय किया जाये ताकि बरबाद हो रही सम्पत्ति को बचाया जा सके।